## एक नजर में

### हिंसा से कभी सुख शांति प्राप्त नहीं होती : साध्वी

**रतलाम।** नीमचौक रतलाम श्री संघ में विराजित श्रमण संघीय जैन दिवाकरिया महासाध्वी डॉ. संयमलताजी मसा,डॉ अमितप्रज्ञाजी मसा,डॉ कमलप्रज्ञाजी मसा,सौरभप्रज्ञाजी मसा आदि ठाणा 4 के सानिध्य में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए महासती संयमलता ने कहा अहिंसा विश्व शांति का मूल आधार है। अहिंसा का सिद्धांत विश्व बंधुत्व की भावना को धारण करता है और संसार में व्याप्त युद्ध की विभीषिका को दूर करने में भी यह सिद्धांत अद्वितीय है। अहिंसा धर्म वीरों का भूषण है,कायरों का नहीं। अहिंसा का मार्ग आत्मज्ञान है। संपूर्ण जगत से प्रेम करने, मैत्री रखने और अहिंसा का पालन करने में ही आत्मा का कल्याण है। साध्वी ने आगे कहा महावीर जिसे अहिंसा कहते हैं, बुद्ध उसे करुणा और ईसा उसे प्रेम कहते हैं। यह तीनों एक दूसरे के पूरक है। सभी बुराइयों का त्याग अहिंसा है।अहिंसा अमृत है। आत्मोत्थान में अहिंसा अग्रणी है। अहिंसा जैन धर्म का प्राण है। महासाध्वी कमलप्रज्ञा ने कहा प्रेम जीवन का महामंत्र है, ये वो मन्त्र है जो पूरी दुनिया को अपने वश में करने की ताकत रखता है।प्रेम और मोह में अंतर है। प्रेम जीवन का प्रकाश है और मोह जीवन का अंधकार है। प्रेम उत्थान की राह है और मोह पतन का मार्ग है। दुख का ऊपरी छिलका उतारकर देखेंगे तो मुख्य कारण मोह है। जो मोह का क्षय करता है उसे मोक्ष मिलता है।प्रवचन के प्रारम्भ में सामूहिक रूप से दिवाकर चालीसा का गान हुआ।कन्या मण्डल द्वारा सती अंजना पर आधारित सुन्दर सी नाटिका का मंचन हुआ।आज रविवार को दोपहर में बाल संस्कार शिविर का आयोजन हुआ जिसमे 150 बच्चों ने भाग लिया।

### अन्तर्चक्षु तभी खुलता है जब गुरुकृपा होती : आचार्य कश्यप

**रतलाम।** श्रावण मास के पवित्र अवसर पर शनिवार को श्री जागनाथ महादेव के पावन सानिध्य में शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। दोपहर 1 बजे से 5 तक रहेगी। जिसका स्थान हाथी खाना नगर निगम के पास श्री राजपूत धर्मशाला है जिसमें कथा का वाचन व्यास पीठाचार्य ब्रह्म ऋषि हेमंत कश्यप द्वारा कथा का रसपान कराया जा रहा हैं। कथा के आज दूसरे दिन श्री कश्यप महाराज का स्वागत एवं अभिनंदन महिला मंडल द्वारा किया गया तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर पोथी पूजन किया गया पोथी पूजन के मुख्य यजमान गजेंद्र सिंह राठौर व कौशल्या राठौर रहे। शिव महापुराण कथा में आचार्य हेमंत कश्यप ने कहा जैसे दिन को सजाता है सूर्य और रात को सजाता है चांद, वैसे ही मानव जीवन को सौन्दर्य से युक्त करने का काम सद्गुरु करते हैं। प्रात :काल पूर्व दिशा में लालिमा लिए उदित होने वाला सूर्य समस्त ब्रह्माण्ड की आंख बनकर प्रकट होता है। सबको प्रकाशित करता है लेकिन यह बाहर की आंख है, बाहर का प्रकाश है, जिससे इंसान के बाहर की ओर खुले हुए चर्म चक्षुओं को लाभ प्राप्त होता है। जिससे संसार का सौन्दर्य दिखता है और मनुष्य इस असार की ओर आकर्षित हो जाता है। संसार सागर में अंधेरे और उजाले दोनों हैं। यह जरूरी नहीं कि जो आप अपने इन बाहर खुले हुए नेत्रों से देख रहे हैं, जो दृश्य साफ-साफ दिखाई दे रहा है वह सत्य का ही उजाला हो। उस चमकते हुए उजाले की परत के पीछे छिपा हुआ घना अंधकार भी हो सकता है। इस मानव देह में एक तीसरा ज्ञान चक्षु भी होता है, जिसके द्वारा अंधेरों और उजालों का अन्तर समझ आता है। जिसके द्वारा संसार नहीं संसार को बनाने वाला, लाखों-करोड़ों प्रकाशित सूर्य भी जिसकी बराबरी नहीं कर सकते, ऐसा जो ज्योति स्वरूप है, जो कण-कण में बसा हुआ है, सर्वव्यापक है, वह महान करतार दिखाई देता है। लेकिन वह अन्तर्चक्षु तभी खुलता है जब गुरुकृपा होती है, वैसे तो गुरु सबके ऊपर ही अनवरत अपनी कृपा बरसाते हैं, लेकिन जो गुरु कृपा पाने के योग्य होता है, गुरु महिमा के महत्व को भलीभांति समझता है, प्रथम ज्योति रूप में शिवलिंग प्रकट होने की कथा एवं पूजा विधि आदि प्रवचन में कहे। शाम को 5 बजे आरती संपन्न की गई।इससे नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा मनोज शर्मा, क्षेत्रीय पार्षद हिना मेहता, पार्षद प्रतिनिधि हार्दिक मेहता व कालिका माता मंदिर के पुजारी हेमंत ठाकुर द्वारा पोथी पूजन और श्री कश्यप का सम्मान किया गया। बीच-बीच में मधुर भजन प्रस्तुत किए गए जिसमें महिलाओं ने श्रद्धापूर्वक भगवान शिव को नमन करते हुए नृत्य किया। आरती में समाज जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

### श्री राम कथा का विश्राम

**रतलाम।** एकल अभियान एवं श्री हरि कथा आयोजन समिति रतलाम के सचिव अनिल पोरवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री राम कथा का वाचन कथा वाचक सुश्री गीता कुमारी (वनवासी कथा वाचक) द्वारा किया गया। आज भगवान श्री राम के पूजन के मुख्य अतिथि दंडी स्वामी मठ के आत्मानंद जी सरस्वती, नगर निगम अध्यक्षा मनीष शर्मा व आशीष पाठक द्वारा भगवान श्री राम के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। आज पोती पूजन के मुख्य अतिथि दंडी स्वामी आत्मानंद जी सरस्वती, नगर निगम अध्यक्षा मनीषा मनोज शर्मा, आशीष पाठक वरिष्ठ पत्रकार, सेवा भारती, जनजाति सुरक्षा मंच, पूर्व सैनिक कैलाश निनामा, रामकृष्ण विवेकानंद आश्रम संत ऋषि महाराज, ग्रीन मर्चेंट सुरेश चत्तर, रतलाम कला मंच, पीपा क्षत्रिय समाज, रतलाम अंचल एकल विद्यालय के सभी आचार्य, वाघेला को सेवा जीव दया समिति, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद यादव, रतलाम प्रेस क्लब सचिव बंटी शर्मा तथा राधा वल्लभ पुरोहित जिन्होंने पीपल के पत्ते पर महाकाल का चित्र भेंट कर स्वागत किया द्वारा पोथी पूजन किया गया। श्री राम कथा के विश्राम दिवस हनुमत चरित्र विभीषण शरणागति राम राज्य तक कथा हुई। हनुमत चरित्र को व्याख्यान करते हुए व्यास सुश्री गीता कुमारी कहती है हनुमान जी चाहते लंका दहन के साथ साथ रावण को संहार कर सीता माता को वापस ले आते परन्तु प्रभु सिर्फ पता लगाने को ही बोले थे। अत : हनुमान जी अपने बल,बुद्धि से माता जी का पता भी लगाए और सभी राक्षसों को शक्ति का भी पता लगाया और माता जानकी का संदेश प्रभु श्री राम को दिया। विभीषण जी रावण का अपना भाई थे परंतु वो सत्य मार्ग पर थे,रावण ने विभीषण जी को अपमानित कर भगा देता है। राम जी विभीषण जी को अपनाते है और उसी समय लंका पति से संबोधन भी करते। रावण का अंत का भेद विभीषण जी से ही राम जी को मिलता। और अंतत : रावण मारा जाता है। और राम राज्य की स्थापना होती है। वर्तमान समय में भी हनुमान की आवश्यकता है दुष्ट प्रवृति वाले को ठीक करने हेतु गांव गांव में हनुमंत शक्ति जगाना होगा। तब जाके भारत हिन्दू राष्ट्र बनेगा। और राम राज्य की कल्पना साकार होगी।

### विश्व हिन्दू परिषद का 2 दिवसीय कार्यकर्ता विकास वर्ग संपन्न



**जावरा।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल रतलाम विभाग का कार्यकर्ता विकास वर्ग जावरा में प्रारंभ हुआ। मंचासीन अतिथियों ने भारत माता राम दरबार के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उद्घाटन सत्र में बजरंग दल प्रांत संयोजक नितिन पाटीदार ने बताया की विश्व हिन्दू परिषद पूरी दुनिया में हिंदुओं की रक्षा के लिए निरंतर लगा है। अलग अलग आयामों के माध्यम से विश्व हिन्दू परिषद दुनिया के 60 देशों में काम कर रहा हैं। बजरंग दल के संघर्ष से निरंतर बहन बेटियों की रक्षा गौ माता की रक्षा मंदिरों की रक्षा आदि हो रही है। बजरंग दल प्रतिवर्ष खंडवा संकल्प दिवस का संकल्प मन में लेकर लगा हुआ है। वर्ग में प्रांत सेवा प्रमुख मुकेश चौधरी ने कहा

कि विश्व हिंदू परिषद की स्थापना के बाद निरंतर ग्राम समिति खंड समिति तक जमीन स्तर तक विश्व हिंदू परिषद अलग-अलग आयाम के माध्यम से समाज में हर वर्ग में काम कर रहा है। अर्जुन गेहलोत विभाग संगठन मंत्री ने भी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। रात्रि कालीन कार्यक्रम में विभाग मंत्री सौरभ चतुर्वेदी ने सभी कार्यकर्ताओं को अखंड भारत संकल्प दिवस की यात्रा करवाई एवं जब-जब भी मां भारती पर प्रतिघात हुए उसके बारे में बौद्धिक दिया। विभाग कार्यकारणी रतलाम जावरा झाबुआ तीनों जिलों की जिला कार्यकारणी एवं 20 प्रखंडों की कार्यकारणी के साथ 95 खंडों के 205 कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वर्ग में कार्यकर्ता के विकास हेतु बौद्धिक शारीरिक के साथ-साथ आगामी कार्य योजना की भी योजना बनाई गई। दो दिन से वर्ग पहाड़िया रोड सरस्वती शिशु मंदिर (सरस्वती पुरम) जावरा में संपन्न हुआ।

# नशे के दुष्प्रभाव बताने पुलिस अधिकारी निकले साइकिल पर





**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** नशे के दुष्प्रभाव को बताने और आमजनों को जागरूक करने चल रहे ''नशे से दूरी है जरूरी'' अभियान के तहत रविवार को सुबह साइकिल रैली निकाली

**रैली समापन स्थल पर नशा मुक्ति संबंधी जागरूकता की शपथ दिलवाई**

गई। पुलिस अधिकारी रैली में शामिल हुए और आमजनों को जागरूक किया।

मध्यप्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार संपूर्ण प्रदेश में 15 जुलाई से 30 जून तक ''नशे से दूरी है जरूरी'' नशा मुक्ति जनजागृति अभियान चलाया जा रहा है। ''नशे से दूरी है जरूरी'' अभियान के तहत रविवार को प्रात: 6 बजे रतलाम पुलिस द्वारा एक विशाल साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य युवाओं और नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई में आप सभी की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों, जैसे खेल और स्वास्थ्यपूर्ण जीवनशैली को अपनाना चाहिए और नशे से दूर रहकर अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाना चाहिए क्योंकि नशा न केवल अपराधों को जन्म देता है, बल्कि समाज में अस्थिरता भी लाता है। ऐसे में सभी नागरिकों की जिम्मेदारी बनती है कि वह स्वयं नशे से दूर रहें और दूसरों को भी नशे के प्रति जागरूक करें। पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम राकेश खाखा, डीएसपी अजय सारवान, डीएसपी आनंद स्वरूप सोनी, डीएसपी (प्रशिक्षु) सुश्री अनिशा जैन, रक्षित निरीक्षक मोहन भर्रावत, सूबेदार मोनिका चौहान, शहर के थाना प्रभारीगण, स्कूली छात्र, सामाजिक संगठन एसवायएस फिटनेस के सदस्य, खेल प्रतिभागी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक सम्मिलित हुए। प्रतिभागियों ने साइकिलों पर ''नशे से दूरी है जरूरी'', सेहत से समझौता नहीं, नशा छोड़ो-परिवार जोड़ो, जो होगा नशे का आदी उसके जीवन की होगी बर्बादी जैसे नारों के साथ जागरूकता फैलाई।

**पुलिस लाईन से निकली रैली**

इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों द्वारा नशा-मुक्ति संबंधी पोस्टर भी जारी कर वितरित कराये गये। साइकिल रैली पुलिस लाइन रतलाम से प्रारम्भ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए जनमानस को नशा मुक्ति का संदेश देते हुए शीतल जैन तीर्थ धामनोद पर समाप्त हुई। रैली में शामिल प्रतिभागियों का जगह-जगह स्वागत हुआ।



## भाजपा की जिला कौर कमेटी की बैठक संपन्न

**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक विषयों को लेकर रविवार को रुद्र पैलेस में जिला कौर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने की। बैठक में भाजपा जिला प्रभारी प्रदीप पाण्डे, सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप, विधायक डॉ.राजेन्द्र पाण्डे, जिला पंचायत अध्यक्ष लालाबाई चंद्रवंशी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेन्द्र सिंह लुनेरा, महापौर प्रहलाद पटेल, जिला महामंत्री निर्मल कटारिया एवं संगीता चारेल मौजूद रहे। इस बैठक में जिला कार्यकारिणी के गठन के साथ संगठनात्मक रचना के संबंध में विचार विमर्श किया गया। भाजपा के आगामी कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई। आरंभ में कौर कमेटी सदस्यों का स्वागत किया गया। संचालन एवं आभार जिला महामंत्री निर्मल कटारिया ने किया। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी ने दी।

## ट्रेन से ला रहे थे अवैध शराब जब्त

**रतलाम।** नाबालिग युवक द्वारा इन्दौर से ट्रेन में बैठकर रतलाम अवैध रूप से शराब ला रहा था। सूचना पर आबकारी विभाग ने कार्रवाई कर गिरफ्तार किया। मिली जानकारी के अनुसार प्रभारी अधिकारी मीनाक्षी गुप्ता द्वारा हमराह आबकारी उप निरीक्षक चेतन वैद के क्षेत्र के प्रतापनगर रेलवे पटरी के पास से ट्रेन के माध्यम से इंदौर से रतलाम लाई जा रही अवैध विदेशी शराब पकड़ी। 1 बाल अपचारी एवं फरार आरोपी विजय उर्फ मोनू राजावत पिता राजेंद्र राजावत निवासी रत्नेश्वर रोड के कब्जे से 4 बैग में 12 बोतल सिग्नेचर व्हिस्की, 12 बोतल बकार्डी रम, 12 बोतल मैजिक मोमेंट वोदका, 36 बोतल फॉक्स वोदका कुल 54.0 बल्क लीटर जब्त कर प्रकरण दर्ज किया।

## आज निकलेगी श्री मौजी शंकर महादेव की शाही सवारी

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** श्रावण मास के द्वितीय सोमवार पर घांस बाजार स्थित श्री मौजी शंकर महादेव मंदिर से 21 जुलाई को शाही

**बैठक में सवारी को सफल बनाने का संकल्प**



सवारी निकलेगी। भाजयुमो जिलाध्यक्ष विप्लव जैन मित्र मंडल एवं श्री मौजी शंकर महादेव भक्त मंडल के तत्वावधान में निकलने वाली इस शाही सवारी के बड़ा गोपालजी का मंदिर पहुंचने पर हरि-हर का मिलन होगा।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष विप्लव जैन ने बताया कि शाही सवारी शाम 4 बजे घांस बाजार से आरंभ होगी और चौमुखीपुल, चांदनी चौक, तोपखाना, गणेश देवरी, रानीजी का मंदिर, नाहरपुरा, डालुमोदी बाजार होते हुए माणकचौक स्थित श्री बड़ा गोपालजी का मंदिर पहुंचेगी। हरि-हर मिलन के पश्चात् यहां महाआरती होगी और प्रसादी का वितरण किया जाएगा। शाही सवारी के अवसर पर भक्तों को 55,555 अभिमंत्रित रुद्राक्ष का वितरण भी किया जाएगा। रविवार को शाही सवारी की तैयारियों को लेकर विप्लव जैन मित्र मंडल एवं श्री मौजी शंकर महादेव भक्त मंडल की बैठक संपन्न हुई। इसमें शाही सवारी को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। मंडल सदस्यों ने शिव भक्तों से सवारी में अधिक से अधिक उपस्थित रहने का आह्वान किया है।

## मालव केसरी सौभाग्यमलजी मसा की 41 वीं पुण्यतिथि जप-तप कर मनाई

**रतलाम।** गुरुदेव सौभाग्यमलजी मसा की 41 वीं पुण्यतिथि श्री धर्मदास जैन श्री संघ द्वारा शनिवार को जप-तप, त्याग तपस्या के साथ वर्षावास स्थल डीपी परिसर लक्कड़पीठा पर जिनेंद्रमुनिजी मसा व मुनिमंडल एवं पुण्य पुंज साध्वी पुण्यशीलाजी मसा तथा साध्वी मंडल के सानिध्य में उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर श्रावक- श्राविकाओं द्वारा सामूहिक बेले (दो उपवास) तप की आराधना की गई। इस अवसर पर गुणानुवाद सभा का आयोजन भी हुआ। इसके पूर्व डीपी परिसर पर नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप व श्री सौभाग्य चालीसा का पाठ हुआ। वहीं डीपी परिसर में गुणानुवाद सभा में जिनेंद्रमुनिजी मसा ने कहा कि जो सौभाग्यशाली होता है और सही दिशा में पुरुषार्थ करता है, उसका सौभाग्य बढ़ता है। ऐसे ही मालव केसरी सौभाग्यमलजी मसा थे, जिनकी आज पुण्यतिथि है। अतिशयमुनिजी मसा ने कहा कि जन्म के के समय यदि कोई पाप कर्मों का उदय हो फिर भी जीव को महापुरुषों के वचन सुनना चाहिए। अशुभ घटना भी भविष्य के लिए शुभ हो सकती है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण पूज्य मालव केसरीजी मसा हैं। श्रेयांशमुनिजी मसा ने कहा कि धर्म की शुरुआत कैसे होती है इस मार्ग पर चलना कैसे है। मोक्ष में जाना है तो सबसे पहले श्रद्धा जरूरी है। इस मार्ग पर चलकर मोक्ष प्राप्त कर सकते हैं। श्रद्धा अनेक प्रकार की हो सकती है, जो गुरु की आज्ञा है वही तीर्थंकर की आज्ञा है। भगवान की आज्ञा पर जो चले हैं, उन्होंने मोक्ष का मार्ग प्राप्त किया है।

## रोड अंडर ब्रिज संख्या 402 ए से तीन दिन आवागमन बंद, कचनारा रोड से ढोढर तक होगा दोहरीकरण का कार्य

**रतलाम।** नीचम - रतलाम दोहरीकरण कार्य जारी हैं। नीचम-रतलाम खंड में पुराने रोड अंडर ब्रिजों को दोहरीकरण के मान से विस्तार करने का कार्य चल रहा हैं। कचनारा रोड -ढोढर खंड में किमी 321/35-37 के मध्य निर्मित रोड अंडर ब्रिज क्रमांक 402 ए का दोहरीकरण के मान से विस्तार करने हेतु ब्लॉक लिया जाना प्रस्तावित है। रोड अंडर ब्रिज क्रमांक 402 ए का विस्तार करने के लिए 21 से 23 जुलाई तक ब्लॉक लिया है। इसके कारण सुबह 6 बजे से सायं 18 बजे तक रोड अंडर ब्रिज सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए बंद रहेगा। इस अवधि में सड़क उपयोगकर्ता ढोढर की ओर बने ब्रिज क्रमांक 403 एवं नीचम की ओर बने ब्रिज क्रमांक 401 का उपयोग कर सकते हैं।

## शेतानमल चंडालिया के नेत्रदान से दो जरूरतमंदों को नई रोशनी मिलेगी



**सैलाना।** समाजसेवा की दिशा में एक अनुकरणीय पहल करते हुए वरिष्ठ सुश्रावक शेतानमल चंडालिया के निधन के उपरांत उनके नेत्रदान (कॉर्निया) से दो जरूरतमंदों को नई दृष्टि प्राप्त होगी। नेत्रम संस्था के हेमन्त मूणत ने बताया कि डॉ. दिशांत चंडालिया, दीपक तातेड़,ज्योति चंडालिया ने शेतानमल चंडालिया के पुत्र राजेश, राकेश,विकास चंडालिया एवं परिजनों को नेत्रदान के लिए प्रेरित किया। परिजनों की सहमति मिलते ही बड़नगर गीता भवन न्यास के ट्रस्टी एवं नेत्रदान प्रभारी डॉ. जीएल ददरवाल को सूचित किया। सूचना मिलने पर डॉ. ददरवाल,मनीष तलाच एवम मोहनलाल राठौड के साथ तत्परता से मध्य रात्रि में बडनगर से सैलाना पहुंचे और नेत्रदान की प्रक्रिया को सफलता पूर्वक पूर्ण किया। इस अवसर पर मोतीलाल चंडालिया, कमलेश मेहता, करुण संघवी, सुरेन्द्र मेहता, मदनलाल मांडोत, इंद्रेश चंडालिया, धर्मेंद्र संघवी, प्रमोद ओरा, प्रकाश सियाल, शैलेन्द्र चंडालिया, सुशील कसेरा, संजय राठौर, दिनेश सोनी सहित परिजन मौजूद थे। रविवार सुबह श्री चंडालिया की अंतिम यात्रा निकली। शांतिवन पर जेष्ठ पुत्रों ने मुखाग्नि दी।

## पुलिस ने पकड़े नकली नोट चलाने वाले गैंग के तीन सदस्यों को पकड़ा

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** पुलिस ने शहर में नकली नोट चलाने वाले गैंग को पकड़ने में सफलता हासिल की हैं। आरोपियों द्वारा बाजार में नकली

**आरोपियों के पास से 20 नकली नोट बरामद**



नोट खपाने की कोशिश की जा रही थी। डीडी नगर थाना पुलिस को शनिवार को नकली नोट चलाने वाली गेंग की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर वन विभाग नाका रतलाम से मुखबिर द्वारा बताए हुलिये के दो व्यक्तयो को सब्जी के ठेले के पास से फोर्स व पंचान कि मदद से घेराबंदी कर पकड़ा। पुलिस द्वारा पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम अंकीत पिता अभय कुमार (40), दूसरा व्यक्ती वासुदेव पिता अभय कुमार (35) दोनों निवासी तक्षशिला परिसर मुखर्जी नगर रतलाम बताया। अंकीत कि तलाशी लेने पर उसके पहने हुऐ पेंट के दाहिने जेब से 100 के 11 नोट निकले। नोटों को पंचान समक्ष चेक करते नोट कि सिरीज ओयूके 031344 के 6 नोट तथा ओयूके 031345 के 5 नोट जिन पर भारतीय रिजर्व बैंक केंद्रीय सरकार द्वारा प्रत्याभूत हिन्दी व अंग्रेजी में लिखा हुआ है तथा वासुदेव राजुल कि तलाशी लेते उसके पहने हुऐ पेंट के दाहिनी जेब से 100 के 9 नोट निकले जिनको पंचान समक्ष चेक करते नोट कि सिरिज ओयूके 031346 के 6 नोट तथा जोयूके 031347 के 3 नोट जिनपर भारतीय रिजर्व बैंक केंद्रीय सरकार द्वारा प्रत्याभूत हिन्दी व अंग्रेजी में लिखा हुआ पाया गया,जिन्हें चेक करने पर असली नोट के वास्तविक नोट से अलग होकर हल्का होना तथा बैंक नोट प्रेस द्वारा जारी किये गये 100 के नोट से भिन्न होकर नकली पाया। कुल 20 नोट जब्त कर आरोपीयो को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया। एसपी ने थाना प्रभारी दीनदयाल नगर निरीक्षक मनीष डाबर को घटना के हर पहलु पर जांच करने के निर्देश दिए। साक्ष्य जुटाये गये एवं नकली नोट चलाने वाली गेंग पर कार्यवाही हेतु अलग अलग टीमो का गठन किया गया। गठीत की गई टीमों द्वारा आरोपीयो से पुछताछ में एक अन्य आरोपी गगन पिता विनोद नागदे से नकली नोट लाने के बारे में बताया। पुलिस टीम द्वारा आरूपी गगन नागदे को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर पुलिस रिमांड लिया।

## अच्छी चीजों को ही देखना, बुरी चीजों से दूरी बनाकर रखे : रश्मि पांडे

**कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के छात्र छात्राओं के लिए सेमिनार किया आयोजित-**

**जावरा। मध्यप्रदेश ग्रामीण उपभोक्ता कल्याण संगठन एवं जिला उपभोक्ता कल्याण संगठन जावरा द्वारा सांदीपनी हायर सेकेंडरी स्कूल में बच्चे उपभोक्ता के रूप में विषय पर कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के छात्र छात्राओं के लिए सेमिनार आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांदीपनी हॉयर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य राजेंद्र बॉस एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्यप्रदेश ग्रामीण उपभोक्ता कल्याण संघ की अध्यक्ष रश्मि पाण्डेय ने की।** कार्यक्रम की अध्यक्ष रश्मी पांडे ने बच्चों को मोबाइल के सदुपयोग हेतु समझाइश देते हुए कहा कि मोबाइल में सभी तरह की चीजें उपलब्ध हैं। उनमें से हमें अच्छी चीजों को ही देखना है समझना व सीखना है बुरी चीजों से दूरी बनाकर रखें। साथ ही खाद्य पदार्थो में मिलावट, सूदखोरी, कालाबाजारी से बचने हेतु उपभोक्ता संरक्षण न्यायालय में अपील करने हेतु जानकारी दी।




मध्यप्रदेश ग्रामीण उपभोक्ता कल्याण संघ की सचिव राजलक्ष्मी चंद्रावत ने सचिव उद्बोधन में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के बारे में जानकारी देते हुए कहा की उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 जम्मू कश्मीर को छोड़कर संपूर्ण भारत में लागू हुआ था। अब इसकी जगह उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 ने ले ली है। इस नए अधिनियम में काफी बदलाव किए गए है। उपभोक्ता अदालतें



## विश्व शांति हेतु नवकार महामंत्र जाप और किया वृक्षारोपण

**जावरा।** जैन श्वेताम्बर महिला संघ ने विश्व शांति हेतु नवकार महामंत्र के जाप किए। जाप मे 30 सदस्य शामिल हुए। अध्यक्ष शकुंतला चपडोद ने बताया की विश्व मे हो रहे युद्ध व अशांति को शांत करने के लिए नवकार महामंत्र का जाप किया गया। साथ ही शोभा डूंगरवाल वर्षीतप की तपस्या पूर्ण होने पर उनका बहुमान किया। तत्पश्चात इंदिरा महिला मंडल बगीचे में वृक्षारोपण किया गया। उक्त कार्यक्रम में लगभग 30 महिलाए उपस्थित थी जिसमे प्रमुख रूप से अलका मेहता, किरण बोहरा, मंजू बोरदिया, चेतना जैन, मंजू सुराणा, उषा लुनिया, मीना रुनवाल, नीरजा चपडोद, प्रमिला चपडोद, कल्पना पावेचा, इंद्रा नाहर, संगीता जैन, प्रीती चपडोद, आशा जैन, अंजू जैन, चंदनबाला समन्द्रिया, मंजू आचलिया, इंद्रा सिसोदिया, प्रेमलता ओसतवाल, प्रमिला धारीवाल, मनोरमा जैन, सुशीला काठेढ, मधु नाहर, शोभा



## 208 आराधकों की तपस्या का दूसरा पारणा संपन्न

**लाभार्थी परिवारों का शाल श्रीफल माला से किया बहुमान**

**जावरा।** स्थानीय जैन मंदिर पिपली बाजार पोषधशाला में विराजित साध्वी डॉ.अमृतरसा श्रीजी मसा, निरागरसा श्रीजी, जीनागरसा श्रीजी मसा ठाना 3 की पावन निश्रा में चल रही सिद्धि तप आराधकों की तपस्या का दो उपवास का पारणा जैन पंचायती नोहरा पर रविवार को हुआ। गुरुवार को पहला पारण हुआ उस समय आराधको की संख्या 190 थी लेकिन साध्वी जी का आशीर्वाद एवं तप महिमा को देखते हुए यह संख्या दो सो पार हो गई। रविवार को जो पारणे हुए उसमें 208 आराधक शामिल थे।

जावरा श्री संघ, चातुर्मास समिति ,महिला परिषद, जयंत ज्योति बहू परिषद, बालिका परिषद, नवयुवक परिषद ने आराधकों के तप की अनुमोदना करते हुए भक्ति भाव से पारणा ग्रहण करवाया।श्रीसंघ अध्यक्ष अजीत चत्तर एवं चातुर्मास समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र कोलन ने बताया कि श्री संघ की आज्ञा से दूसरे पारणे का लाभ समाजसेवी नगिनचंद, मनीष कुमार ,दीपक कुमार ,मोक्ष सकलेचा , सकलेचा परिवार ने लिया। शाम का बीयासने का लाभ प्रकाशचंद ,पंकज कुमार, अरविंद कुमार, मोदी परिवार ने लिया.